**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / रितेश कपूर / 11.00 बजे**

**राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन**

राजधानी शिमला के पीटर हॉफ में दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन आज से शुरू हो रहा है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अलावा प्रमुख सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, वरिष्ठ नीति निर्माता, नाबार्ड के अध्यक्ष, शिक्षाविद और तकनीक विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसके साथ ही

कृषि, डेयरी, ग्रामीण विकास, सहकारी बैंकिंग और वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के प्रतिनिधि भी एक ही मंच पर जुटेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान सहकारी मेला और फिनटेक कॉरपोरेट प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इसमें बैंकिंग तकनीक, डेयरी, कृषि और बागवानी से जुड़े नवाचार प्रदर्शित किए जाएंगे।

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

प्रदेश की सभी जिला अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत धन वसूली, श्रम विवाद, बिजली–पानी के मामले, रखरखाव और अन्य समझौता योग्य आपराधिक व नागरिक मामलों का निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत का उदेश्य न्यायिक प्रकिया को सरल व त्वरित बनाना है।

**जी.एस.टी.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री का सपना तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की स्वीकृति देकर साकार हुआ। नए जीएसटी सुधारो के अंतर्गत सरकार ने आवश्यक खाद्य पदार्थों और स्टेशनरी उत्पादों पर करो में कटौती करके नागरिकों को बड़ी राहत प्रदान की है। सरकार ने कर की दर को पहले के 12 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के स्लैब से घटाकर 5 प्रतिशत और शून्य कर दिया है। पनीर, बिस्कुट और चॉकलेट सहित कई अन्य खाद्य उत्पादों पर जीएसटी की दर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इस बीच, पहले से पैक खाद्य पदार्थ जैसे दूध, ब्रेड, बिना ब्रांड वाले चावल, गेहूं और दलों को अब जीएसटी मुक्त स्लैब में रखा गया है।

**केंद्रीय मंत्री दौरा**

केन्द्र सरकार द्वारा हिमाचल में बाढ़ व भू–स्खलन से प्रभावित आपदा क्षेत्रों का दौरा करने के लिए कल से 16 सितंबर के मध्य केंद्रीय मंत्री भेजे जा रहे हैं, जो इस दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित चंबा, मंडी और कुल्लू जिला में हुए भारी नुकसान का जायजा लेंगे और रिपोर्ट तैयार कर केन्द्र सरकार के समक्ष रखेंगे जिससे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास स्थापित करने व राहत कार्यों को गति देने में मदद मिलेगी।

***केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कल कुल्लू व मनाली विधानसभा क्षेत्र के आपदाग्रस्त क्षेत्रो का दौरा किया तथा प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। वे आज मनाली के सोलंगनाला, पलचान बाहंग इत्यादि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो का दौरा करेंगी वही दूसरी ओर केंद्रीय राज्य मंत्री (पोट्र्स, शिपिंग एवं जलमार्ग मंत्रालय), शांतनु ठाकुर भी कुल्लू दौरे पर है तथा उन्होंने कल बंजार विधानसभा क्षेत्र के बजौरा में आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया वे आज बंजार विधानसभा क्षेत्र के तीर्थन घाटी व सैंज मे आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावित लोगों से मिलेंगे ।***

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि कुछ क्षेत्रों में मानूसन की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। प्रदेश में भारी वर्षा के कारण हुए भू–स्खलन से तीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग व 5 सौ सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसी प्रकार 9 सौ 53 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 36 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार के मुताबिक 15 सितम्बर तक राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई है और अगले 2 दिन कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**13 सितंबर से ही एक बार हिमाचल प्रदेश के निचले मैदानी इलाके और मध्यवर्ती इलाकों में हमें बारिश बढ़ती हुई नजर आएगी। 13 सितंबर को हमें कांगड़ा जिला, उना, बिलासपुर और हामीरपुर जिले के साथ–साथ सिरमौर जिले में भारी बारिश भी देखने को मिल सकती है, जिसको ध्यान में रखते हुए एलो अलर्ट हमने इन सभी जिलों के लिए 13 सितंबर के लिए जारी किया हुआ है।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर तीन बजे। नमस्कार......